भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2929
10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषयः- बिहार में पीएमडीडीकेवाई का कार्यान्वयन

2929. श्री रामप्रीत मंडल:

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार के उन जिलों के नाम क्या हैं जहाँ प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) लागू की गई है;

(ख) क्या सरकार ने बिहार के उक्त सभी जिलों में पीएमडीडीकेवाई योजना की समीक्षा की है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरे सहित लाभार्थियों की संख्या कितनी है और इससे किसानों को कितना लाभ हुआ है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क): प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (डीडीकेवाई) बिहार के मधुबनी, दरभंगा, बांका, गया, सीवान, किशनगंज और नवादा जिलों में कार्यान्वित की जा रही है।

(ख) एवं (ग): डीडीकेवाई योजना को 11 विभागों की 36 केंद्रीय योजनाओं, अन्य राज्य योजनाओं के समन्वय के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है और इसमें निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी की परिकल्पना की गई है। योजना की प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां गठित की गई हैं।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों ने संबंधित हितधारकों के परामर्श से जिला कार्य प्लान (डीएपी) तैयार कर अंतिम रूप दिया हैं। बिहार के डीडीकेवाई जिलों ने डीएपी तैयार कर डीडीकेवाई डैशबोर्ड पर अपलोड कर दिए हैं। संबंधित मंत्रालयों/विभागों ने इन डीडीकेवाई जिलों को डीएपी पर फीडबैक भी दे दिया हैं।

डीडीकेवाई जिलों में योजना की प्रगति की निगरानी प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) के माध्यम से मासिक आधार पर की जाती है। डीडीकेवाई डैशबोर्ड केपीआई लक्ष्यों के अनुरूप गतिविधियों को दर्ज करता है और प्रत्येक वर्ष के अंत में जिलावार रैंकिंग की परिकल्पना की गई है।

डीडीकेवाई योजना की शुरुआत से लेकर (जनवरी 2026 तक), बिहार के डीडीकेवाई जिलों ने योजना के उद्देश्यों के अनुसार विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न की हैं, जैसे कि 1.58 लाख सफल कृत्रिम गर्भाधान (एआई); राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) के तहत 26227 पंजीकरण; कृषि मशीनरी/उपकरण की खरीद के लिए 4381 किसानों/लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई; और 4927 किसानों को केवीके द्वारा विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किया गया, आदि जो जिलों द्वारा डीडीकेवाई डैशबोर्ड पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार है।

*****